मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक

नाम

901 **801(AB)**

**2017**

**हिन्दी**

**केवल प्रश्नपत्र**

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

   i) विद्यानिवास मिश्र नाटककार के रूप में प्रसिद्ध हैं ।

   ii) डॉ० श्यामसुन्दर दास एक प्रख्यात कवि थे ।





   iii) 'ईर्ष्या तू गई मेरे मन से' निबंध के लेखक जयप्रकाश भारती हैं ।

   iv) 'मित्रता' निबन्ध के लेखक आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हैं ।

   ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1

   i) सेवासदन

   ii) मैला आंचल

   iii) चन्द्रगुप्त

   iv) कलम का सिपाही ।

   ग) किसी एक निबंधकार का नाम लिखिए । 1

   घ) मेरी कॉलेज डायरी के लेखक का नाम लिखिए । 1

   ङ) किसी एक संस्मरण लेखक का नाम लिखिए । 1

2. क) भक्ति काल के किसी **एक** कवि का नाम लिखिए । 1

ख) रीतिकाल की **दो** प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 2

ग) छायावादी काव्य धारा की **दो** प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए । upboardonline.com 2

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) मुझे आज लिखना ही पड़ेगा । अंग्रेजी के प्रसिद्ध निबन्ध लेखक ए०जी० गर्डिनर का कथन है कि लिखने की एक विशेष मानसिक स्थिति होती है । उस समय मन में कुछ ऐसी उमंग-सी उठती है, हृदय में कुछ ऐसी स्फूर्ति-सी आती है, मस्तिष्क में कुछ ऐसा आवेग-सा उत्पन्न होता है कि लेख लिखना ही पड़ता है । उस समय विषय की चिन्ता नहीं रहती । कोई भी विषय हो, उसमें हम अपने हृदय के आवेग को भर ही देते हैं ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) लिखने की विशेष मानसिक स्थिति कैसी होती है ?





ख) हमारे देश में ही नहीं, संसार की प्रत्येक जाति ने अपनी भाषा में चन्द्रमा के बारे में कहानियाँ गढ़ी हैं और कवियों ने रचनाएँ रची हैं । किसी ने उसे रजनीपति माना तो किसी ने उसे रात्रि की देवी कहकर पुकारा । किसी विरहिणी ने उसे अपना दूत बनाया तो किसी ने उसके पीलेपन से क्षुब्ध होकर उसे बूढ़ा और बीमार ही समझ लिया । बालक श्रीराम चन्द्रमा को खिलौना समझकर उसके लिए मचलते हैं तो सूर के श्रीकृष्ण भी उसके लिए हठ करते हैं । बालक को शान्त करने के लिए एक ही उपाय था — चन्दा की छवि को पानी में दिखा देना ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) बालक को शान्त करने के लिए क्या उपाय था ?

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्यगत सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 1 + 4 + 1

क) उदित उदयगिरि मंच पर रघुवर बालपतंग ।
बिकसे संत सरोज सब हरषे लोचन भृंग ।।
नृपन्ह केर आसा निसि नासी । वचन नखत अवली न प्रकासी ।।
मानी महिप कुमुद सकुचाने । कपटी भूप उलूक लुकाने ।।
भए बिसोक कोक मुनि देवा । बरसहिं सुमन जनावहिं सेवा ।।
गुरु पद बंदि सहित अनुरागा । राम मुनिन्ह सन आयसु माँगा ।।
सहजहि चले सकल जग स्वामी । मन्त मंजुबर कुंजरगामी ।।





ख) जब तक साथ एक भी दम हो,
हो अवशिष्ट एक भी धड़कन ।
रखो आत्म गौरव से ऊँची,
पलकें, ऊँचा सिर, ऊँचा मन ।
एक बूँद भी रक्त शेष हो,
जब तक मन में हे शत्रुंजय ।
दीन वचन मुख से न उचारो,
मानो नहीं मृत्यु का भी भय ।।

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी एक रचनाएँ लिखिए : 2 + 1

i) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

iii) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी रचनाओं के नाम लिखिए : 2 + 1

i) सूरदास

ii) रसखान

iii) रामनरेश त्रिपाठी ।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

आरक्षकः — श्रीमान् ! अयम् अस्ति चन्द्रशेखरः । अयं राजद्रोही । गत दिने अनेनैव असहयोगिनां सभायां एकस्य आरक्षकस्य दुर्जनसिंहस्य मस्तके प्रस्तरखण्डेन प्रहारः कृतः येन दुर्जनिसिंहः आहतः ।

न्यायाधीशः — (तं बालकं विस्मयेन विलोकयन्) रे बालक ! तव किं नाम ?

चन्द्रशेखरः — आजाद (स्थरीभूय)

न्यायाधीशः — (स्वगतम्) कीदृशः प्रमत्तः स्वतन्त्रतायै अयम् ? (प्रकाशम्) अतीव धृष्टः, उद्दण्डश्चायं नवयुवकः । अहम् इयं पंचदश कशाघातान दण्डयामि ।

चन्द्रशेखरः — नास्ति चिन्ता ।

**अथवा**





हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।

निराशीर्निर्ममो भूत्वा युद्धस्व विगतज्वरः ।।

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया गया कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

i) वाराणसी नगरी केषां संगम-स्थली अस्ति ?

ii) वीरः केन पूज्यते ?

iii) अपथ्येन किं भवति ?

iv) भारतीय संस्कृतिः कीदृशी वर्तते ।

8. क) हास्य रस **अथवा** करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

ख) उपमा **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा एवं उसका उदाहरण लिखिए । 2

ग) सोरठा **अथवा** रोला छन्द का लक्षण लिखकर उदाहरण दीजिए । 2

 upboardonline.com

9\. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) अनु

ii) सु

iii) सह

iv) निर्

v) परि

vi) प्र ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

i) पन

ii) वट

iii) ता

iv) आई

v) हट ।





ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 1 + 1

i) कमलनयन

ii) सप्तर्षि

iii) उत्थान-पतन

iv) पंचानन

v) राजपुरुष ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) बरन

ii) पाहन

iii) अच्छर

iv) आँख

v) केला ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) जल

ii) वृक्ष

iii) घोड़ा

iv) कमल

v) इन्द्र ।

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) गुरु + आज्ञा

ii) प्रति + आगमनम्

iii) देव + ऐश्वर्यम्

iv) काल + औचित्यम् ।





ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति, एकवचन में लिखिए : 1 + 1

i) मति **अथवा** फल

ii) नदी **अथवा** तद् (वह) पुल्लिंग ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) भवन्ति

ii) अहसम्

iii) भविष्यामि ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) तुम कल प्रयाग गये ।

ii) सभी छात्र पत्र लिखेंगे ।

iii) हमें देशभक्त होना चाहिए ।

iv) विद्या अभ्यास से बढ़ती है ।

v) शिष्य ने गुरु से प्रश्न किया ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) पर्यावरण-प्रदूषण और उसकी सुरक्षा के उपाय

ii) परिश्रम का महत्व

iii) वृक्षारोपण का महत्व

iv) बाढ़ का आँखों देखा दृश्य

v) मेरा प्रिय कवि ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।





ख) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग का सारांश संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ग) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

घ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ङ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

च) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर आज़ाद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

छ) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।





ज) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' के किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

झ) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**801(AB) - 5,70,000**